अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तेरापंथ दर्शन (वर्ष : 2025) दिनांक : 17.12.2025

समय सीमा : 3 घंटा पंचम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

महात्मा महाप्रज्ञ–50

प्र. 1 किन्हीं तेरह प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 13

(क) आचार्य महाप्रज्ञ जी को साधु प्रतिक्रमण सीखने की अनुमति कब मिली?

(ख) बालक नथमल की वैराग्य परीक्षा किसने ली?

(ग) 'ज्ञान कण्ठां, दाम अण्टां' से क्या तात्पर्य है?

(घ) पूज्य कालूगणी के सान्निध्य में हुई संगीत प्रतियोगिता में श्री महाप्रज्ञ ने कौन सा गीत गाया?

(ङ) मुनि महाप्रज्ञ जी का दूसरा केश लुंचन किसने किया?

(च) बालमुनि नथमल को पालर पानी कौन चखाता था?

(छ) आचार्य महाप्रज्ञ ने तेरापंथ की ख्यात कितने वर्षों तक लिखी तथा उनसे पहले यह कार्य कौन करते थे?

(ज) आचार्य महाप्रज्ञ ने मुक्त अध्ययन कब और कहां शुरू किया?

(झ) आचार्य महाप्रज्ञ भिक्षु स्वामी के विचारों से कब और कहां अवगत हुए?

(ञ) आचार्य महाप्रज्ञ को मन्त्र के विषय में रूचि कहां और कैसे हुई?

(ट) आचार्य महाप्रज्ञ जी ने संस्कृत में कविता लिखना किस उम्र में शुरू किया?

(ठ) धर्मसंघ में कौन से चार निकायों की स्थापना हुई?

(ड) श्री महाप्रज्ञ जी ने युवाचार्य के रूप में प्रथम पृथक मर्यादा महोत्सव कहां किया?

(ढ) 'मैं महाप्रज्ञ के साहित्य का प्रेमी पाठक हूँ' यह किसने कहा?

(ण) साध्वीप्रमुखा के चयन हेतु कनकप्रभा जी के बारे में चिन्तन कब और कहां चला?

प्र. 2 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 10

(क) आचार्य महाप्रज्ञ की स्मृति सभा में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे सिंधिया ने अपने वक्तव्य में क्या कहा?

(ख) अहिंसा यात्रा के समापन पर अहिंसा समवाय के लिए प्रतिष्ठित सप्त सूत्रों में से कोई पांच को लिखें।

(ग) आचार्य पदाभिषेक के समय गुरुदेव तुलसी ने आचार्य महाप्रज्ञ से कौन से संकल्प करवाये?

(घ) विकास के साधन कौन से हैं?

(ङ) श्री महाप्रज्ञ जी की विगय-वर्जन किस प्रकार हुई?

(च) साधु-साध्वियों हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम का नाम व स्वरूप क्या था?

प्र. 3 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए– 12

(क) श्री महाप्रज्ञ जी में 'अप्रत्याशित बदलाव' का घटना प्रसंग लिखें।

(ख) श्री महाप्रज्ञ जी के योग जीवन के प्रारम्भ पर टिप्पणी लिखें।

(ग) निकाय सचिव के पद का समर्पण पर प्रकाश डालें।

(घ) गुरु द्वारा महाप्रज्ञ विशेषण से विभूषित घटना-प्रसंग को लिखें।

प्र. 4 युवाचार्य मनोनयन पर संक्षेप में प्रकाश डालते हुए युवाचार्य महाप्रज्ञ के उद्‌गार लिखें। 15

अथवा

लेखक महाश्रमण जी की दृष्टि में महात्मा महाप्रज्ञ की क्या-क्या विशेषताएं थी?

आचार्य महाश्रमण–30

प्र. 5 काई सात प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए– 7

(क) मोहन के साथ कौन से दो श्रावकों ने परिवार से दीक्षा की अनुमति मांगी जो स्वीकृत नहीं हुई?

(ख) वैरागी मोहन ने आचार्य तुलसी से दीक्षा हेतु निवेदन के वक्तव्य में किसकी कहानी सुनाई?

(ग) मुनि मुदित कुमार का प्रथम उपदेश किस सूत्र के अध्ययन पर आधारित था?

(घ) गुरुदेव तुलसी ने मुनि मुदित कुमार को साझपति कब और किसके संरक्षण में बनाया?

(ङ) युवाचार्य महाश्रमण जी ने अपने प्रति चौथी मंगलकामना क्या की?

(च) श्री सुजानमल जी भाईजी कौन से महीने के बाद मोहन को दीक्षा देने के लिए तैयार हुए?

(छ) आचार्य महाश्रमण किस सुरक्षा कवच से कवचित हैं?

(ज) आचार्य महाश्रमण जी ने आडवाणी जी के निवेदन पर कब और किस अवसर पर दिल्ली जाने का भाव बताया?

प्र. 6 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए– 5

(क) 'हेमड़ा मिल गया' आचार्य महाप्रज्ञ जी ने यह बात किस सन्दर्भ में कही?

(ख) 'मितं च सारं च वचो हि वाग्मिता' इससे क्या तात्पर्य है?

(ग) युवाचार्य महाप्रज्ञ ने नव मनोनीत महाश्रण के लिए क्या शुभाशंसा की?

(घ) मुनि श्री सोहनलाल जी की क्या विशेषताएं थीं?

प्र. 7 कोई तीन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखें– 18

(क) आचार्य महाश्रमण की ज्ञान और साधना पर प्रकाश डालें।

(ख) 'एक अनोखा उपहार' घटना प्रसंग को लिखें।

(ग) महाश्रमण जी द्वारा गुरुदेव तुलसी की सेवा पर प्रकाश डालें।

(घ) पदाभिषेक समारोह का वर्णन करें।

तेरापंथ प्रबोध–10

प्र. 8 कोई तीन पद्य लिखें– 10

(क) किशनो जी.............................धरां बहार हो।।

(ख) स्वागत है.............................लहरी संचार हो।।

(ग) पोषण जठै.............................अनिवार हो।।

(घ) सिरियारी में.............................रो प्राकार हो।।

(ङ) साध्वीप्रमुखा वाला पद्य।

तुलसी प्रबोध–10

प्र. 9 कोई तीन पद्य लिखें– 10

(क) नामकरण वाला पद्य।

(ख) इक्यासिय चूरू.............................गणधार हो।।

(ग) लाल कोटड़ी.............................दरबार हो।।

(घ) जैन विश्व भारती वाला पद्य।

(ङ) माघ महोत्सव.............................जुड़ग्यो तार हो।।